### टैक्स देने के बाद भी दुकानदारों को खुद के खर्चे पर बनाने पड़ रहे हैं चबूतरे

# बाजार में मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह के लिए किया समतलीकरण बना दुकानदारों के लिए फजीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली पंचायतो में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में पंचायत की अनदेखी के चलते दुकान लगाने वाले दुकानदार एवं दूर दराज के ग्रामीण जो जरूरत की सामग्री खरीदने बाजार आते हैं, लेकिन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में उनकी फजीहत होती है, लेकिन पंचायत केवल टैक्स वसूलने तक से सरोकार रखती है बजाए मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाने के दुकानदार एवं ग्रामीण खरीददार जनो की दुर्दशा मुख्यालय ग्राम पंचायत के शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में देखने मिल रही है, क्योंकि असमय में हुई वर्षा से बाजार स्थल में कीचड़ मच गया।



इस मचने वाले कीचड़ के पीछे ग्राम पंचायत का लालच एवं अनदेखी है क्योंकि पिछले 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना विवाह कार्यक्रम हुआ था जिसके लिए ग्राम पंचायत ने अधिकारियों को गुमराह कर साप्ताहिक बाजार स्थल पर विवाह समारोह करने सुझाव दिया और उन्होंने भी पंचायत के सुझाव मानने में देरी नहीं कि इससे उनकी बुद्धिमत्ता का परिचय हुआ क्योंकि सचिव ने विवाह कार्यक्रम के लिए अनावश्यक रूप से लाखों रुपए समतलीकरण के नाम पर शासन के खर्च करवा डालें और फर्जीवाड़ा कर इसमें लाखों रुपया का समतलीकरण के नाम पर आर्थिक लाभ अधिकारियों के मूर्खतापूर्ण रवैया के कारण अर्जित कर डाला, लेकिन अब आने वाली बरसात में दुकानदारों को अपनी दुकान लगाने के लिए समतलीकरण के कारण दुकान का मूल स्थान समझ नहीं आ रहा है जिससे व्यापारियों को अपनी ही दुकान लगाने में जगह को लेकर विवाद की स्थिति बाजार बनी हुई है, लेकिन हाल ही में हुई बरसात ने और मुसीबत खड़ी कर दी जिसमें कीचड़ से सराबोर इस बाजार मैदान पर दुकानदारों को पंचायत की लापरवाही के कारण अपनी दुकान पत्थर मुरम से व्यवस्थित सिर्फ इसलिए करनी पड़ रही की बरसात के पानी में उनकी दुकान की सामग्री नष्ट ना हो। इस कारण समस्त दुकानदारों को पत्थर के अस्थाई चबूतरे एक फिट ऊंचे तक बनाने पड रहे हैं, लेकिन इन चबूतरे बनाने में दुकानदारों का लालच भी साफ देखने मिल रहा है कि वह अपने निर्धारित दुकान से ज्यादा स्थान पर चबूतरे बना रहे है जिस कारण बाजार में दुकान लगाने में दुकानदारों को परेशानी हो रही साथ ही विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है। इस तरह पंचायत सचिव एवं अधिकारियों के लालच के कारण तामिया मुख्यालय के साप्ताहिक बाजार में आने वाले दुकानदारों को ठेकेदार को मनमाना टैक्स देने के बाद परेशानी के साथ मूलभूत सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है, वहीं ठेकेदार भी मन माने तरीके से टैक्स वसूली कर रहे हैं। साथ टैक्स की रसीद भी दुकानदार को नहीं दे रहे हैं। इससे समझा जा सकता है कि पंचायत एवं ठेकेदार की मिली भगत से बाजार में दुकान लगाने वाले दुकानदारों को पंचायत के लालच के कारण साप्ताहिक बाजार का स्वरूप बिगड़ने के कारण निजी राशि खर्च कर अपने बैठक व्यवस्था बनानी पड़ रही है। वहीं यदि साप्ताहिक बाजार में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के नाम पर फर्जी एस्टीमेट मूल्यांकन एवं किए गए कार्य की जांच करेंगे तो विवाह जैसे आयोजन में भी पंचायत सचिव पैसा कमाने की जुगत कैसे बना लेते हैं यह इस साप्ताहिक बाजार में देखा जा सकता है, वहीं दुकानदारों एवं आने वाले ग्रामीण खरीदारों की मुसीबत से किसी को कोई सरोकार नहीं है। यह बाजार स्थल पर कीचड़ दुकानदारों को टैक्स के अलावा अतिरिक्त राशि खर्च कर चबूतरे बने जैसे समस्या से निजात दिलाने ग्राम पंचायत पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी को कारगर कदम उठाने प्रयास करने होंगे जिससे साप्ताहिक बाजार में दुकानदार एवं ग्रामीणों को बरसात के दिनों में मुसीबत का सामना ना करना पड़े।

### नगर में दिखी देशभक्ति की झलक

## बिछुआ में विशाल तिरंगा यात्रा का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

बिछुआ नगर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देश के वीर जवानों के सम्मान में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया,यात्रा का शुभारंभ भारत माता की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर किया गयाइस दौरान तिरंगा यात्रा समिति के दौरा पूर्व सैनिकों का शॉल श्रीफल एवं तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया गया,यात्रा का शुभारंभ रेस्ट हाउस बिछुआ से शिवमन्दिर व बस स्टैंड होकर पुनःरेस्ट हाउस पहुंचकर यात्रा का समापन हुआ, तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के नारे लगाए गए।

बिछुआ नगर में राष्ट्रभक्ति की इस यात्रा में सम्मिलित होकर नगर वासियों व क्षेत्रवासियों एवं प्रशासनिक कर्मचारियों ने भी सहभागिता दी एवं भारतीय सेना के शौर्य को नमन कर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।इस दौरान मुख्य रूप छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू,पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे, विधानसभा प्रभारी लखन कुमार वर्मा,पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत गोलू नागरे,रिजवान कुरैशी,रोहित पोफली,जनपद अध्यक्ष सतीश भलावी,उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,नगर परिषद अध्यक्ष रामचंद्र बोबडे, उपाध्यक्ष मंगलेश दुबे,मंडल अध्यक्ष द्वय शैलेश चोपड़े,गोपाल कवरेती,वरिष्ठ नेता शिवराम चौरसिया,रघुराज पटेल,मारुति कोचे बलवीर डेहरिया,महामंत्री द्वय विजेंद्र सिंह दीक्षित,श्रीमती कीर्ति करमेले,प्रशासनिक अधिकारी में सीईओ तरुण रहांगडाले,टीआई मोहन मर्सकोले,प्राचार्य महाविद्यालय डॉ आर पी यादव,बीआरसी दिनेश डिगरसे,पार्षद झीठो बाई,बबलू आरगुड़े,दीपक चोपड़े,अनिल कुर्मी,बबीता गाकरे,बिंदुवती मालवीय, महिपाल चोपड़े,भोजेलाल वर्मा,संतोष भलावी,राजेश रघुवंशी,विजय गाकरे,गुड्डा पटेल,दयाराम कड़वे,पंकज साहू,प्रमोद विश्वकर्मा,रामराज वर्मा,प्रहलाद साहू,सुरेंद्र चौधरी, भूरा चोपड़े,घनश्याम पवार,हिम्मतराम सोनी, प्रमोद श्रीवास,जितेंद्र सोनी,रामकुमार वर्मा,रोहन ठाकुर,सपना नामदेव,सरपंच आनेत बन,ज्ञानलाल उईके,जितेंद्र मरकाम,राजेंद्र परतेती,देवेंद्र राउत,अरविंद वर्मा,संजीव ढीकू,राजू साहू,जयंत साहू,निवृति उपासे,आलोक ठाकुर,सोहन वर्मा,असलम खान सहित पत्रकार बंधु व मातृशक्ति शिक्षक एवं जनपद के कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक साथ 30 कर्मचारियों को दिए सेवा समाप्ति के नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय ने विगत दिनों निगम सभाकक्ष में राजस्व शाखा की बैठक ली गई थी, जिसमें आयुक्त द्वारा वार्डवार प्रतिदिन की गई समग्र ई केवायसी की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति न पाए जाने पर निगमायुक्त ने सभी 48 वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षकों का एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए थे। जिले के कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह द्वारा बैठकों में नगर निगम छिंदवाड़ा के सबसे कम प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई थी।

इसके उपरांत निगम आयुक्त के द्वारा सोमवार को पुनः समग्र ई केवायसी की समीक्षा की गई जिसमें आठ सहायक राजस्व निरीक्षकों को छोड़कर किसी भी वार्ड की ई केवायसी की प्रगति संतोषप्रद नहीं पाई गई। इस पर निगमायुक्त ने नाराजगी जाहिर की। निगमायुक्त ने कड़ी कार्यवाही करते हुए अन्य सहायक राजस्व निरीक्षकों को कार्य से पृथक करने का नोटिस जारी किया गया इसके साथ ही शहर में निवास नहीं करने वाले, विवाह एवं मृत्यु हो चुके नागरिकों की सूची बनाकर उनकी आईडी पोर्टल से डीलिट कराने के निर्देश दिए गए। आयुक्त द्वाराश्री राहुल राजपूत, श्री विनोद चेचकर, श्री वीरेंद्र कटारिया, श्री आसाराम रंगारे, श्री राजेश सोनी, श्री निलेश भट्ट, श्री वासुदेव शर्मा, श्री द्वारका पहाड़े,श्री नीरज डगोर, श्री मनोज चंद्रवंशी, श्री अजय सनकत, श्री संदीप राऊत,श्री भुनेश सूर्यवंशी,श्री मनोज आरगुड़े, श्री रमेश जाधव, श्री सुशील युवनाती, श्री क्रांति मालवी, श्री राजेश सोनी, श्री आशीष तिवारी, श्री विशाल चौहान, श्री समृद्ध औरंगाबादकर, श्री अनिश चांडले, श्री दीपक चौहान, श्री दीपक सोनी, श्रीमती मीना सिहोते, श्री रमेश मालवीय, श्री राजेश सूर्यवंशी, श्री अयूब शाह, श्री रविंद्र सोलंकी, श्री विजय मालवी, श्री गौतम सिंह एवं श्री युवराज वर्मा को 07 दिन के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने नोटिस जारी कर चेतावनी दी कि उक्त कर्मचारी यदि समय सीमा में शत प्रतिशत ई केवायसी पूर्ण नहीं करते है तो उनकी सेवा समाप्त की जाएगी। इसके साथ ही आयुक्त ने अन्य नियमित कर्मचारियों को निलंबन हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।समग्र से आधार की ई केवाईसी नहीं कराने से होगी असुविधामध्य प्रदेश शासन की अधिकतम योजनाओं एवं शिक्षा से संबधित कार्यों में भी समग्र आईडी की आवश्यकता होती है। समग्र आईडी को सक्रिय रखने एवं योजनाओं का लाभ लगातार लेने के लिए समग्र का आधार से सत्यापन जरूरी होता है। उदाहरण के लिए सामाजिक पेंशन से लेकर आम नागरिकों द्वारा बनाए जाने वाले आय प्रमाण पत्र के लिए भी समग्र ई केवाईसी अनिवार्य होती है। इसी प्रकार स्कूल या कॉलेज में एडमिशन के लिए भी समग्र आईडी की आवश्यकता होती है। इस समग्र आईडी के आधार से लिंक न होने से आम नागरिक योजनाओं से वंचित रह सकते है। इसलिए सभी नागरिकों को समग्र ई केवाईसी कराना अनिवार्य है।



## सिविल सेवा चयनित अभ्यर्थियों और सीएम के संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए विद्यार्थी

**पांढुर्ना।** आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिविल सेवा में चयनित अभ्यर्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम को सीधे प्रसारण माध्यम से स्थानीय पीएमश्री विद्यालय में यहां के सैकडों छात्रों ने देखा और सूना। इसका मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के छात्रों को सिविल सेवा के प्रति आकर्षित और प्रोत्साहित करना रहा। यह समारोह प्राचार्या डॉ. शहनाज खन के मार्गदर्शन तथा आइक्यूएसी प्रभारी डॉ. ललित धुर्वे के सहयोग से किया गया।

## 40 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शहर में रिश्वत लेने की परम्परा रूकने का नाम नहीं ले रही है। चाँद तहसील कार्यालय में लोकायुक्त की टीम ने दबिश देकर एक पटवारी को 40 हजार की रिश्वत लेते दबोचाा।



लोकायुक्त निरीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि शिकायत की पुष्टि के बाद बुधवार को चांद तहसील कार्यालय में दबिश दी गई, जहां पटवारी रिश्वत की पूरी राशि लेते पकड़ा गया। उसके पास से पूरे 40 हजार रुपए बरामद हुए हैं। हीराचंद चौरे छिंदवाड़ा जिले के चंदनगांव का निवासी है। फिलहाल लोकायुक्त की टीम आगे की कार्रवाई कर रही है। छिंदवाड़ा में पटवारी को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया है। उसने यह रकम जमीन बंटवारे के बाद पावती बनाने और नामांतरण के लिए मांगी थी। बुधवार शाम 5:30 बजे लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने छिंदवाड़ा जिले के चांद तहसील कार्यालय में दबिश देकर पटवारी हीराचंद चौरे रुपए लेते पकड़ा। पटवारी इससे पहले भी 9 हजार रुपए ले चुका था।जानकारी के अनुसार शिकायत करने वाले पास कुल 13 एकड़ जमीन है, जिसके लिए वह बंटवारे के दस्तावेज बनवाने गया था। उसी दौरान पटवारी हीराचंद चौरे ने उससे 40 हजार रुपए की मांग की। प्रार्थी ने यह बात लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक को बताई, जिसके बाद टीम गठित कर कार्रवाई की गई।

## कांग्रेस ने मनाई राजीव गांधी की पुण्यतिथि

**तामिया।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सभाग्रह में भारत रत्न अमर शहीद पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी के छायाचित्र में माला अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य नवीन मरकाम नें बताया भारत देश के पूर्व प्रधानमंत्री आधुनिक भारत के निर्माता, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, युवाओं को 18 वर्ष की उम्र में मतदान का अधिकार दिलाने वाले, सद्भावना के अग्रदूत, पंचायती राज, सूचना, संचार एवं कम्प्यूटर क्रांति के जनक, दूरदर्शी सोच के धनी राजीव गान्धी जी ने वर्षों पहले भारत में जिस कम्प्यूटर एवं सूचना क्रांति का बीज बोया, आज वह वट वृक्ष बन चुका है वही जनपद उपाध्यक्ष सुधीर यहाके नें कहा जिसकी जड़ों ने भारत को विश्व पटल पर मजबूती से खड़ा किया।

## ओलावृष्टि, आंधी तूफान, कहीं गिरे पेड़, कहीं मकान

### परासिया क्षेत्र में जमकर चली हवाएं, नीलगिरी का पेड़ों का हमेशा बना रहता है खतरा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

कोयलांचल में बुधवार दोपहर चली आंधी तूफान , ओला वृष्टि और तेज बारिश से भले तापमान में गिरावट आई , लेकिन इसी के चलते कई जगह पेड़ गिरे तो कहीं मकान गिरने से लोगों की परेशानी भी बढ़ी है ।परासिया में दोपहर तक भीषण गर्मी के बाद अचानक आसमान पर बादल छा गए । उसके बाद तेज हवाएं चलने लगी । जिससे जी एम आफिस की बाउंड्री के अंदर लगे एक नीलगिरी के पेड़ की कुछ टहनियाँ टूटकर बिजली के तार पर गिरी । जिसके चलते परासिया चांदामेटा मुख्य मार्ग पर लगा एम पी ई बी का पोल टेड़ा हो गया । साथ ही मुख्य मार्ग अवरुद्ध हुआ । पेड की टहनियाँ पहले बाउंड्री वाल के समीप एक ट्रेक्टर पर गिरी , जिससे बिजली के तार टूटने से बच गए । इसके अलावा संगीतालय भवन के समीप रेस्क्यू आफिस में लगा एक पेड़ भी गिरा । न्यूटन में बिजली की बेजा कड़क के साथ बारिश हुई । वहीं बाघबर्धिया में राम प्रसाद बंजारा और नरेन्द्र बंजारा के मकान की छत गिरी जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ । यहां ओला वृष्टि भी हुई ।

### नीलगिरी के पेड़ बन रहे खतरा

कोयलांचल क्षेत्र में अधिकांशतः आफिसों में , वेकोलि कालोनियों में नीलगिरी के पेड़ लगे हुए हैं । जो अक्सर तेज आंधी तूफ़ान के दौरान गिर जाते हैं । निजी मकानों में लगे इन पेड़ो को लोग अपनी सुविधा के अनुसार कटवा या छटवा लेते हैं।



## किसानों को रसीद देने के लिए करते है आनाकानी

# किसानों से की जा रही पशु ठेकेदार द्वारा अधिक वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



मोहगाव हवेली में मंगलवार को लगने वाले पशु बाजार को किसानों से अधिक राशि वसूलने की शिकायतें आ रही है,मिली जानकारी के अनुसार विगत दिनों हुए मोहगांव पशु बाजार के ठेके में नगर में हर मंगलवार को पशु बाजार लगता है,जिसमे की क्षेत्र के किसान अपने पशु क्रय विक्रय करते आते है। मोहगांव वर्तमान में लग रहे पशु बाजार में अनियमितता बरती जा रही है, पशु बाजार में रेट बोर्ड नहीं लगा है,बिना रेट बोर्ड के काउंटर का संचालन हो रहा है, जिसके चलते किसानों को राशि चुकाने को लेकर परेशानी होती है। रेड बोर्ड नहीं लगे होने के चलते किसानों से पशु जोड़ी पर भी ज्यादा पैसे लिए जा रहे है। ऐसा भी कहा जा रहा है कि मोहगाव में भरने वाले पशु बाजार में मोहखेड़ से लेकर सवरर्णी तक से किसान के नाम पर पशु तस्कर यहां पर पशुओं को लेकर आते है, और यहाँ ठेकेदार से मिलीभगत कर यहाँ के बाजार की टिकट बनाकर महाराष्ट्र की और पशुओं को भेजा जाता है,मोहगांव नगर से महाराष्ट्र की सीमा नजदीक होने के कारण मोहगांव हवेली से पांढुर्ना की और खेत के रास्ते पशुओं को ले जाया जाता है,जहाँ से उन्हें महाराष्ट में बूचड़खाने में आसानी से लेजाया जाता है, सौसर क्षेत्र से लगातार हो रही गो तस्करी को लेकर पूर्व में कई बार शिकायतें भी की गई है, हालांकि समय-समय पर प्रशासन के द्वारा कार्रवाई भी की गई है बावजूद इसके गो तस्करी पर पूरी तरीके से लगाम नहीं लग पाई है। किसानों के द्वारा पशु मेले में किसानों से की जा रही वसूली पर कार्रवाही और लगाम कसने की मांग की गई है।

## चौरई विधायक ने 6 - 6 लाख लागत की दो सीसी रोड के किये भूमिपूजन

**चौरई।** मंगलवार को विधायक चौधरी सुजीत सिंह ने विधायक निधि से स्वीकृत ग्राम पंचायत झिरिया के ग्राम केरिया में 6 लाख एवं ग्राम झिरिया में 6 लाख रूपये से निर्मित होने वाली सीसी सड़क का भूमिपूजन किया साथ ही कहा कि पंचायत में लगातार सहयोग करते रहे है और भी आगे पूर्ण सहयोग करने के लिए आश्वासन दिया। इस मौके पर चौरई विधायक के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तीरथ सिंह ठाकुर क्षेत्रीय कांग्रेस अध्यक्ष शिशुपाल रघुवंशी, राजेश मुन्ना पटेल, सतीश पटेल, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अंकित पांडे सरपंच संजय बैस, संजय डेहरिया, अशोक चौरसिया ग्राम पंचायत केरिया, झिरिया के सरपंच भागीरथ वर्मा, जनपद सदस्य अनिल वर्मा, सूर्या ठाकुर, जगदीश वर्मा, उमाकांत वर्मा, रामकुमार वर्मा, छत्रपाल सोनी, बुद्धमान वर्मा, मदनशा उइके, साधुराम वर्मा, प्रहलाद वर्मा, राजू वर्मा, प्रीतम वर्मा, मेखलाल वर्मा, नेतराम वर्मा अनिल उइके, क्रैश वर्मा, झीनो वर्मा, बालिस वर्मा असाडू वर्मा, रामपत वर्मा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



## मीना बाजार मेला में बैतूल एवं होशंगाबाद वाले डाल रहे डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

मीना बाजार मेला बैतूल एवं होशंगाबाद वाले कभी भी आकर चिल्ड्रन पार्क मैदान दमुआ में आकर अपना डेरा डाल देते है। क्या मालूम वेकोलि, नगर पालिक दमुआ प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन सहित बिजली विभाग के संबधित अधिकारियो से अनुमति लेते है कि नही कारण ये मेला बाजार संचालकगण कभी भी दमुआ आकर अक्सर चिल्ड्रन पार्क मैदान में अपना डेरा डाल देते है और अपना व्यापार कर पैसा कमाते वापस चले जाते है खास बात तो यह है कि मेला संचालक द्वारा सभी विभाग प्रमुख अधिकारियो से विधिवत अनुमति लेना अनिवार्य होता है कारण इतने बडे मीना बाजार मेले में यदि कोई अन्होनी घटना , अपराधिक घटना होती है तो उसकी जवाबदारी किस की होगी ज्ञात हो उक्त मेला संचालको द्वारा मेला की समाप्ति पर रूपये कमा कर चले जाते है किन्तु पीछे गंदगी का अम्बार चिल्ड्रन पार्क में छोड जाते जिससे आस पास रहने वालो को काफी परेशानी होती है।

### महिला बाल विकास की टीम द्वारा पोषण किट भेंट

**जुन्नारदेव।** कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के द्वारा चलाए जा रहे सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत परियोजना अधिकारी सुश्री सीमा पटेल के मार्गदर्शन में जुन्नारदेव शहरी सेक्टर के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 2 में शहरी सेक्टर की पर्यवेक्षक सीमा धुर्वे एवं सुनीता चंचल पर्यवेक्षक और कार्यकर्ता नंदिनी विश्वकर्मा एवं कविता दुसास द्वारा हाई रिस्क गर्भवती माता प्रभा मांडवार के यहां गृह भेंट दिया गया।साथ में महिला बाल विकास की टीम द्वारा पोषण किट बनकर दिया गया। पोषण किट में मौसमी फल ,हरी सब्जी,पालक,प्रोटीन युक्त दाल गुड फल्ली दाना आयरन युक्त एवं आंगनबाड़ी केंद्र से मिलने वाला THR का पैकेट प्रदाय किया।

## 17 लाख की लागत से होगा नालियों का निर्माण, वार्डवासियों को मिलेगी सुविधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के वार्ड क्रमांक 3 कि बरसों से की जा रही मांग को दो नालियों का निर्माण कार्य लगभग 17 लाख की लागत से स्वीकृत किया गया है नाली निर्माण की मांग वार्ड वासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी जिसे ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद रमेश सालोडे द्वारा वार्ड वासियों को नाली की सौगात दी गई है। यह नाली मुख्य सड़क से नाले तक लगभग 250-250 सौ मीटर की स्वीकृत की गई है। नाली निर्माण के बाद वार्ड वासियों को बारिश में जल भराव की समस्या से निजात मिल पाएगी भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान नपा अध्यक्ष रमेश सालोडे, नपा उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, अपील समिति सदस्य व वार्ड 11के पार्षद संजय जैन, वार्ड 8 के पार्षद प्रमोद बंदेवार सहित जनप्रतिनिधि व वार्ड वासी उपस्थित थे।

### आदर्श ग्राम नांदना में स्वच्छता एवं जल प्रबंधन के कार्यो पर बैठक

**दमुआः** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जुन्नारदेव की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति नान्दना परिवर्तित संस्था (जन मानस सामाजिक विकास संस्थान नांदना) सेक्टर क्रमांक 4 के द्वारा अपने ग्राम मे वन विभाग के अधिकारी के साथ ग्राम मे बैठक आयोजित की गयी जिसमे जिसमे वन विभाग के डिपटी साहब के द्वारा बताया गया की हमे अपने ग्राम के आसपास जहा पानी वर्ष भर रहता है ऐसे स्थानों का चयन करना है तथा सामूहिक श्रमदान से वा कुछ शासन के द्वारा आर्थिक सहयोग से उन स्थानों मे पानी की व्यवस्था करना है तथा पानी वाले स्थानों की समय समय पर सफाई भी करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है साथ हि नवांकुर संस्था के अध्यक्ष के द्वारा बोला गया की नांदना ग्राम के प्रत्येक घरों मे बरसात मे 5--5 फलदार पेड़ लगाने हेतु सूची तैयार की गई।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

आधुनिक भारत के शिल्पकार, विज्ञान और तकनीक को नई दिशा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर विधायक एवं ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।इस गरिमामय आयोजन में वरिष्ठ कांग्रेसजनों, महिला कार्यकर्ताओं और युवा साथियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने राजीव गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व, पंचायती राज सशक्तिकरण, डिजिटल भारत की नींव, और युवाओं को नई सोच देने जैसे योगदानों को याद किया।सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राजीव गांधी केवल एक नेता नहीं, बल्कि 21वीं सदी के भारत के स्वप्नदृष्टा थे। उनका बलिदान और उनके विचार आज भी हम सभी को प्रेरणा देते हैं।कार्यक्रम में यह संकल्प लिया गया कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर हम सब मिलकर भारत को और मजबूत, समावेशी और प्रगतिशील बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। इस कार्यक्रम के दौरान तामिया पर्यवेक्षक घनश्याम तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष अरुण साहू नगर कांग्रेस अध्यक्ष अरुणेश जायसवाल, अशोक विश्वकर्मा आरके बेग बीएल तगड़ी अनंत बनर्जी रमेश साहू पुरन धुर्वे उपेंद्र शर्मा,श्याम यदुवंशी, शैलेंद्र शर्मा, शशिकांत मालवीय,जितेंद्र अग्रवाल राजेश पटील, संतोष जंघेला यशदीप साहू, इनायतुल्लाह खान, गज्जू कैथवास, श्याम करमरकर, गामा जैन , वामनराव टोकेकर,अजय साहू, विवेक शर्मा विजय गुप्ता मनोज रैकवार दीपक साहू महिला कांग्रेस समन्वय सलमा बेगम, जाहिदा बेगम हमीदा बी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## भारतीय सेना के पराक्रम एवं सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**दमुआ।** पहलगाम में हुए आतंकी हमला का बदला लेने वाली भारतीय सेना के पराक्रम सफलता ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में पैदल विशाल तिरंगा यात्रा 21-05-25 समय शाम 5.00 बजे से स्थान तिरंगा चौक दमुआ वार्ड नंबर 10 से चल के दीनदयाल चौक नया बस स्टैंड तक निकाली गई जिसमें बडी संख्या आम जनता , देशभक्त, बच्चों, बुर्जगों ने शामिल होकर पाकिस्तान के विरोध में नारे लगाये तथा भारतीय सेना के साथ खडे होने का संकल्प लिया ।

## पीड़ित परिवार को नहीं मिली आर्थिक मदद

# क्या एक वोट का बदला ले रहे विधायक गौरव सिंह पारधी

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** 16 मई को हिंसक वन्य प्राणी बाघ ने वन परिक्षेत्र कटंगी के मुंदीवाड़ा सर्किल के पाढ़रवानी बीट के कक्ष क्रमांक 476 में कछार निवासी आदिवासी युवक अनिल भलावी को मौत के घाट उतार दिया. अनिल भलावी की मौत के बाद उनके तीन बच्चे अनाथ और पत्नी विधवा हो गई. परिवार के मुखिया के असमय काल के गाल में समा जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा. इस हद्वय विदारक घटना की सूचना मिलने के ठीक दूसरे दिन बाद जिला पंचायत सदस्य (सभापति) श्रीमती केसर बिसेन अपने पुत्र आशुतोष बिसेन के साथ पीड़ति परिवार से मिलने के लिए पहुंची. उन्होंने परिवार से शोक संवेदनाएं व्यक्त की. घटना के तीसरे दिन कांग्रेस नेता पूर्व सांसद बोधसिंह भगत भी कछार पहुंचे उन्होंने भी पीड़ति परिवार से मुलाकात की और घटना पर दुख जताया. लेकिन घटना 06 दिन बाद भी विधायक गौरव सिंह पारधी पीड़ति परिवार से मिलने के लिए वक्त नहीं निकाल पाए है. दुख की घड़ी में सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर भलावी परिवार को विधायक से सहानुभूति और समर्थन की जरूरत थी मगर, फिर भी विधायक अपना थोड़ा समय पीड़ति परिवार के लिए नहीं निकाल पाए है. इसके पीछे क्या कारण है यह तो विधायक स्वयं ही बता सकते है लेकिन गांव और क्षेत्र में जो चर्चा है वह कुछ ऐसी है. चर्चा है कि विधानसभा चुनाव में गौरव सिंह पारधी यानी भाजपा को वन ग्राम कछार से मात्र 01 वोट मिला था. जिस कारण विधायक के मन में इस गांव को लेकर वैमनस्यता है और इसी वैमनस्यता के चलते वह घटना के 06 दिन बाद भी वह पीड़ति परिवार से मिलने के लिए नहीं पहुंचे है. अब विधायक ही इस जन चर्चा पर विराम लगा सकते है।

**कब मिलेगी आर्थिक सहायताः** इधर, घटना के बाद अब तक पीड़ति परिवार को सरकार से मिलने वाली आर्थिक सहायता भी नहीं मिल पाई है. आर्थिक सहायता के संबंध में जब वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ़ार से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि 19 मई को ही कागजी प्रक्रिया पूरी कर ट्रेजरी को भेजा जा चुकी है एक-दो दिन में बैंक खाते में राशि जमा हो जाएगी. गौरतलब हो कि इसके पूर्व इसी तरह की 02 घटनाओं में वन विभाग ने तत्काल पीड़ति परिवार के खातें में आर्थिक सहायता राशि जमा करवाई थी जबकि उन घटनाओं में वन विभाग से लेकर पुलिस को ग्रामीणों के गुस्से और विरोध का सामना करना पड़ा था सरकार संपत्तियों को नुकसान तक पहुंचा था जबकि वन ग्राम कछार के भोले-भाले आदिवासी समाज के लोगों ने घटना के बाद किसी तरह को कोई विरोध नहीं किया और ना ही सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया बावजूद इसके पीड़ति परिवार को अब तक आर्थिक सहायता राशि नहीं मिल पाई है।

**कुड़वा और खैरलांजी में पीड़ति परिवार से की मुलाकातः** बताना जरूरी है कि खैरलांजी निवासी सुखराम उइके का वन्य प्राणी बाघ ने शिकार कर लिया था. इस घटना के बाद विधायक गौरव सिंह पारधी ने पीड़ति परिवार से मुलाकात की. इसी माह की 03 तारिख को कुड़वा में प्रकाश पाने नाम के किसान को भी बाघ ने मौत के घाट उतार दिया. गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई. जानकारी मिलने पर विधायक कुड़वा पहुंच गए. उन्होंने ना सिर्फ पीड़ति परिवार से मुलाकात की बल्कि गांव में उपजे तनाव को कम करने के लिए प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उत्कृष्ट कार्य किया. बीते दिनों जब खजरी में डंपर के पलटने से एक परिवार बेघर हो गया और गांव में तनाव बढ़ गया तब भी विधायक ने पीड़ति परिवार और ग्रामीणों से चर्चा करते हुए मामले को शांत करवाया लेकिन वन ग्राम कछार में आदिवासी समुदाय के अनिल भलावी की मौत के बाद विधायक ने पीड़ति परिवार से मिलना तो दूर अपने सोशल मीडिया में भी घटना पर दुख जताया उचित नहीं समझा. यह बात समझ से परे है जबकि विधायक आए दिन कार्यक्रमों में शिरकत कर रहे है जयंती से लेकर विवाह समारोह में शामिल होने की तस्वीरें अपलोड कर रहे है. मगर, एक आदिवासी की मौत पर उन्होंने अब तक एक शब्द नहीं बोला।



**बच्चों की शिक्षा और जरूरतों पर असरः** अनिल भलावी की असमय मौत के बाद परिवार आर्थिक तंगी, मानसिक तनाव से जूझ रहा है. परिवार के सदस्यों को भावनात्मक रूप से संभालना थोड़ा कठिन हो गया है. मगर, गांव के लोग परिवार को सहारा दे रहे है. अनिल अपने घर पर कमाने वाले एकमात्र पुरुष सदस्य थे. उनकी मौत के बाद उनके तीन बच्चों की शिक्षा, घर की जरूरतें और भविष्य की योजनाओं पर असर पड़ सकता है।

## एनसीसी प्रशिक्षण शिविर की कैडेटस के व्यक्तित्व विकास में है महत्वपूर्ण भूमिका

**बालाघाट।** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय जबलपुर के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एजी बरबरे के मार्गदर्शन में तथा कैम्प कमाण्डेन्ट ले. कर्नल विनीत कमल गुप्ता मप्र बटालियन एनसीसी बालाघाट के तत्वाधान में दस दिवसीय 96 वां संयुक्त वार्षिक एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। शिविर में कैम्प कमाण्डेन्ट ले. कर्नल गुप्ता ने कहा कि समस्त कैडेट्स एकता और अनुशासन के सिद्धांत का पालन करते हुए प्रशिक्षण लेंगे। कैम्प के उद्देश्य के बारे में अवगत कराते हुए उन्होंने कहा कि कैडेटस को जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित कर भविष्य निर्माण के लिये अथक परिश्रम करना चाहिये। एनसीसी प्रशिक्षण शिविर कैडेटस के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है तथा राष्ट्रीय सुरक्षा हेतु होनहार नागरिक निर्माण करता है। उन्होंने शिविर के उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतु अनुशासन के साथ कर्तव्य निष्ठा, चरित्र एवं मानवीयता के साथ कार्य करने की प्रवृति पर जोर दिया। तथा सायंकाल में गेस्ट लेक्चर के तहत विख्यात पर्यावरणविद अभय कोचर द्वारा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट पर शानदार व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होने बताया कि किस तरह से प्लास्टिक हमारे जीवन में प्रवेश कर बहुत सारी बीमारियो को निमंत्रण दे रहा है, वेस्ट से हम अपनी जरूरत की चीजे बना सकते है, तथा उन्होने प्लास्टिक का उपयोग ना करने की सलाह दी।

इस अवसर पर कैम्प द्वितीय एनसीसी अधिकारी कल्पना थोंबरे, द्वितीय एनसीसी अधिकारी अशोक रावडे तथा अन्य सहयोगी एनसीसी अधिकारी के साथ प्रशिक्षण एनसीओ हवलदार हंसराज, शिविर सीएचएम हवलदार मनोहर एवं साथ सहयोगी पीआई भी उपस्थित रहे।

## नव पदस्थ खान प्रबंधक ने किया पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद

हरिभूमि न्यूज उकवा।



एशिया की सबसे बड़ी मैंगनीज उत्पादक संस्था मैंगनीज ओर इंडिया लिमिटेड द्वारा हाल में अनेक अधिकारियों का तबादला एक स्थान से दूसरे स्थान में किया गया है,इसी श्रृंखला में उकवा खान के पूर्व प्रबंधक प्रशांत डकरे का स्थानांतरण उकवा से मनसर महाराष्ट्र खान में किया गया और उनके स्थान पर तिरोड़ी में पदस्थ निषाद निकोसे को पदोन्नत कर उकवा खान में खान प्रबंधक की जिम्मेदारी सौंपी गई है,जहां नव पदस्थ खान प्रबंधक निषाद निकोसे द्वारा पदभार ग्रहण करते ही सर्व प्रथम मॉयल क्षेत्र से लगे ग्राम पंचायतो के प्रतिनिधियों के साथ एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें उकवा मॉयल से सटे ग्राम पंचायत लगाम राजपुर,ग्राम पंचायत गुदमा,ग्राम पंचायत उकवा,ग्राम पंचायत समनापुर, ग्राम पंचायत सोनपूरी,ग्राम पंचायत जगनटोला,रूपझर आदि को के सरपंच सचिव एवं उपसरपंच को आमंत्रित कर उनसे परिचय प्राप्त कर उनके क्षेत्र में पूर्व में मॉयल द्वारा समाजिक उत्तरदायित्व अंतर्गत किए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की ,जिस पर सभी सरपंचों ने समय समय पर उनकी प्राथमिका अनुसार मॉयल द्वारा प्रदान किए गए कार्यों की सराहना कर उनके ग्राम में किए गए कार्यों को बताया ,साथ ही ब्यायफ संस्था द्वारा किसानों को मिल रहे लाभ का भी सभी ने तारीफ किया,खान प्रबंधक ने बताया कि मॉयल न केवल खनिज का उत्पादन करती है,अपितु समाज हित के भी अनेक कार्य करती है, और हमेशा प्रयास रहता है,की जितना संभव हो क्षेत्रीय लोगों को शिक्षा स्वास्थ पानी सड़क भवन आदि की उपलब्धता करवा सके , और उच्च स्तर पर जैसे निर्देश प्राप्त होते है,हम पूरी ईमानदारी से उसे पूरा करने का प्रयास करते है, और आगे भी करते रहेंगे,पर्यावरण हेतु समय समय पर मॉयल द्वारा हजारों पौधों का रोपड़ भी किया जाता है,जिसमें लोगों को शुद्ध वायु मिल सके, ग्रामीण बच्चों को रोजगार उन्मुखी कर जैसे मॉयल में ट्रेनिंग कराई जाती है,बारहवीं पास बच्चियों को नर्स ट्रेनिंग हेतु भेजा जाता है,अभी ठेका श्रमिक के दसवीं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण बच्चों को दो वर्ष तक स्कॉलरशिप प्रदान करने की योजना चल रही है,जिसका लाभ भी अनेक बच्चे ले रहे है,सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने भी मॉयल प्रबंधक को भविष्य में भी कदम से कदम मिला कर सहयोग का आश्वाशन दिया।

## खरीफ 2025 की तैयारी पर एसडीएम ने ली बैठक सभी सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक, लिपिक एवं खाद्यान्न विक्रेता को दिए दिशा निर्देश



**हरिभूमि न्यूज लाँजी।** अनुविभागीय अधिकारी कमलचंद सिंहसार द्वारा खरीफ सीजन-2025 की तैयारियों को लेकर बुधवार 21 मई को कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ कृषि विभाग कार्यालय के सभागार में बैठक की गई। इस दौरान उन्होंने खरीफ सीजन में उत्पादन, उत्पादकता तथा कृषि तकनीक के प्रभावी उपयोग, खरीफ सीजन की तैयारी की अग्रिम रणनीति बनाने को लेकर समीक्षा की।खरीफ सीजन की तैयारी बैठक के संदर्भ में उन्होंने कहा कि छेत्र के सभी किसानों को समय पर उचित मात्रा में बीज, खाद तथा कृषि यंत्र उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कृषि विभाग के सभी उच्चाधिकारी, कर्मचारीगण छेत्र में जाकर स्वयं स्थलीय निरीक्षण करें, जिससे किसानों की वास्तविक समस्या को समझा जा सके।उन्होंने कहा कि किसानों को उच्च गुणवत्ता का बीज एवं उर्वरक तथा वर्तमान में भंडार उर्वरक की मात्रा सहकारी समिति एवं खाद्यान्न विक्रेताओं से जानकारी प्राप्त की गई तथा उन्हें निर्देशित किया गया कि आने वाले आगामी खरीफ फसल हेतु पर्याप्त मात्रा में खाद्य बीज उपलब्ध रहे साथ ही किसी प्रकार से गुणवत्ताहीन बीज तथा अमानत उर्वरक किसानों को ना दिया जाए। वही इस सेवा सहकारी समितियों की समीक्षा बैठक को अनविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा आयोजित की गई कार्यक्रम में मुख्य रूप से लांजी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कमलचंद सिंहसार, अनुविभागीय अधिकारी कृषि विभाग खुदीराम सनोडिया, कृषि विभाग के वरिष्ठ विकास अधिकारी कुलदीप गणवीर, मध्य प्रदेश राज्य विपणन संघ लांजी गोदाम प्रभारी मायाराम बैग एवं समिति के प्रबंधक आर हरिनखेड़े प्रबंधक एवं अन्य सभी समितियों के प्रबंधक उपस्थित रहे।

## कार्यालय जनपद पंचायत लांजी में ब्लांक लेवल बैंकर्स कमेटी का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** 21 मई को जनपद पंचायत लांजी के सभा हॉल में मुख्य कार्यपालन अधिकारीजनपद पंचायत लांजी रामगोपाल यादव की अध्यक्षता में ब्लांक स्तरीय बैंकर्स समिति (बीएलबीसी) बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आजीविका मिशन अन्तर्गत गठित महिला स्व सहायता समूह के (सीसीएल) बैंक ऋण मुद्रा लोन एवं नये स्व सहायता समूहों के खाते खोलने संबंधी चर्चा की गई। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों की पूर्ति करने संबंधी चर्चा की गई। जिसमें 962 स्व सहायता समूहों को 37.16 तैतीस करोड सोलह लाख रूपयें का ऋण वितरण एवं मुद्रा लोन का लक्ष्य 579 हितग्राहियों को 5.79 पांच करोड नवासी लाख रूपये का ऋण वितरण कर लाभांवित करने एवं शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को पहुचाने संबंधी चर्चा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री अटल पेशन योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं जन आरोग्य योजना बीमा कराने आदि पर चर्चा की गई। मख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लांजी द्वारा लक्ष्यों की पूर्ती किये जाने हेतु निर्देशित किया गया एवं सीएम आवास की ऋण वसुली पर चर्चा की गई। आज बीएलबीसी में लीड बैंक मेनजर श्री संजीव कुमार नाबार्ड से रोशन महाजन बैंक आफ महाराष्ट्र (शाखा लांजी एवं कारंजा भानेगांव) म0प्र0 ग्रामीण बैंक (शाखा लांजी बहेला भानेगांव एवं साडरा) स्टेट बैंक आफ इंडिया शाखा लांजी के प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक उपस्थित रहे साथ ही म0प्र0डे0राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखंड लांजी से विकासखण्ड प्रबधक राजाराम परते, उद्यानिकी विभाग से नीलेश सुलखे एवं आरसेटी प्रशिक्षण सेंटर से एस0बी0 भोंडेकर उपस्थित रहे ।



**खबर संक्षेप**

### अंश सराठे का वूशु सब जूनियर राष्ट्रीय स्पर्धा हेतु चयन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिनांक 20 से 21 मई को आयोजित तुकोजी राव पवार स्टेडियम देवास में आयोजित भारतीय वूशु संघ के द्वारा तदर्थ समिति एडहॉक कमीटी के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता ट्रायल में सिवनी जिले से अंश सराठे के द्वारा -28Kg में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो कि 25 वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय वुशू चैंपियनशिप दिनांक 26 से 31मई 2025 तक तमिलनाडु के नमक्कल जिले में आयोजित हेतु मध्य प्रदेश टीम में चयन हुआ है खिलाड़ी की सफलता के लिए नरेंद्र गुड्डू ठाकुर, अखिलेश खेडकर, अभिषेक दुबे राहुल विश्कर्मा रागिनी कुंभारे, समस्त खिलाड़ीयो ने बधाई दी।




### विधायक दिनेश राय के करकमलों से किया गया मीटिंग हाल का लोकार्पण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से मीटिंग हाल का लोकार्पण किया गया। आज जिला मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत सिवनी मे बनाये गये नवनिर्मित मीटिंग हाल का लोकार्पण विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से फीता काटा कर किया गया। इस दौरान मां सरस्वती जी के पूजन उपरांत विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा फूल मालाओं से किया गया।

# बाघदेव अभियान शुभारंभ आज, 29 जुलाई तक चलेगा बाघदेव अभियान

**वन्यजीवों विशेषकर बाघों से मानव संस्कृति का जुड़ाव सदियों पुराना है। मानव समुदायों ने वन्यजीवों, विशेषकर बाघों को पूजनीय मानते हुए उन्हें अपने लोकाचार में सदैव ही उच्च विशिष्ट स्था,न प्रदान किया है। संभवतः यही कारण है कि तमाम विपरीत परिस्थितियों के बाद भी न केवल बाघ और उनके रहवास भारत में सुरक्षित रहे हैं, बल्कि विश्व में सर्वाधिक बाघ भारत में ही हैं ।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



बाघों के संरक्षण में स्थानीय, विशेष कर आदिवासी समुदायों की भूमिका सदैव से अति महत्वपूर्ण रही है, दैनिक रीति-रिवाजों से लेकर जीवन के अनेकों पहलुओं में बाघ के महत्व को स्वीकार करते हुए इन समुदायों ने बाघ को " बाघदेव " के रूप मे स्वीकार किया हुआ है। बाघों के संरक्षण महत्व को विश्व समुदाय के समक्ष प्रस्तुत करने की दृष्टि से प्रतिवर्ष 29 जुलाई को विश्व बाघ दिवस मनाया जाता है । यह एक ऐसा अवसर होता है जब संपूर्ण विश्व बाघ संरक्षण के प्रति अपने प्रयासों और प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करने का प्रयास करता है, इसी उद्देश्य से एक कदम और आगे जाते हुए पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी, मध्यउप्रदेश का प्रबंधन भी इस अवसर को आदिवासी संस्कृति को सम्मान देने और बाघों की शक्ति के प्रति उनके विश्वास को नई पहचान देने के अवसर के रूप मे आयोजित करने जा रहा है। इस वर्ष पेंच प्रबंधन अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 22 मई से विश्व् बाघ दिवस 29 जुलाई तक की अवधि के लिए एक नया अभियान का आरम्भ करने जा रहा है जिसे नाम दिया गया है -" बाघदेव आज भी " बाघदेव " को ग्रामीण क्षेत्रों में देवता के रूप पूजा जाता है और उनसे मन्नते मांगी जाती हैं, वरदान मांगे जाते हैं। यह परम्पकरा सतत रूप से आज भी प्रचलित है। " बाघदेव " अभियान के अंतर्गत बफर क्षेत्र की समस्त 130 इको विकास समितियों में मिट्टी से बाघ बनाने की मुहीम चलाई जाएगी। इसके अंतर्गत समिति सदस्य अपने हाथो से मिट्टी के बाघ बनाएंगे। उन्हेंभ इस कार्य में ग्राम पंचधार के मिट्टी के बर्तन और खिलौने बनाने वाले विशेषज्ञ कुम्हार सहायता करेंगे। इस दौरान पेंच प्रबंधन द्वारा समिति सदस्योंर को पोस्टर आदि के माध्यम से जागरूक किया जाएगा कि बाघों से ही हमें अपनी प्राणवायु ऑक्सीजन, भोजन, पानी और ऐसे ही बहुत सारे वरदान मिलते हैं। इस अवसर पर ग्रामीण मिट्टी के बाघ बनाकर उससे प्रकृति के इन तत्वों को वरदान के रूप में या फिर कोई अन्य वरदान भी मांग सकते हैं। इस प्रकार बने बाघों को पार्क प्रबंधन द्वारा एकत्रित कराकर भट्टी में पकाया जायेगा जिन्हें खवासा में निर्माणाधीन स्टीकल स्त्रैंन प से बन रही बाघ कलाकृति के पास स्थापित कर एक नए आस्था स्थल में संजोया जाएगा। पेंच प्रबंधन का प्रयास इस वर्ष टेराकोटा (मिट्टी) के अधिकाधिक बाघ कलाकृति बनाने का हैं 1 इको विकास समिति के सदस्यों के साथ-साथ पर्यटक एवं अन्यृ बफर क्षेत्र के बाहर के रहवासी भी इस मुहीम से जुड़ कर अपने हाथ से बाघ बना कर उसमे अपना नाम लिखकर अपनी मनोकामना बाघ देव से मांग सकेंगे।

# आज सिवनी रेलवे स्टेशन का वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री करेंगे उद्घाटन




हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सिवनी रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किया गया है, जिसमें यात्रियों की सुविधा के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएँ जैसेः एसी वेटिंग हॉल, आधुनिक सर्कुलेटिंग एरिया, आरक्षित लाउंज, द्वितीय श्रेणी वेटिंग हॉल, फुट ओवर ब्रिज (FOB) लिफ्ट सुविधा, अन्य यात्री-हितैषी सुधार प्रधानमंत्री द्वारा इन सुविधाओं का वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग (VC) के माध्यम से उद्घाटन किया जाएगा। आज 22 मई 2025, समयः सुबह 09:00 बजे रखा गया है। सिवनी रेलवे स्टेशन। इस ऐतिहासिक अवसर पर अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएँ। आपका सहभाग इस आयोजन को और भी अधिक गरिमामय बनाएगा।

## डी.जे. संचालक पर कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

# चार पहिया वाहन सहित साउण्ड सिस्टम जप्त

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता बिना अनुमति तेज आवाज डी.जे. बजाने वाले पर अंकुश लगाने के खिलाफ न केवल सख्त है, अपितु प्रभावी कार्रवाई हेतु अपेक्षित हैं। जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूदत्त शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार बिना अनुमति के डीजे बजाने वाले संचालकों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए आम आदमी को राहत पहुंचाने का प्रयास किया जाता रहा हैं।

दिनांक 20/05/2025 की रात्रि में पी. डब्ल्यू डी आफिस के सामने पर बहुत तेज आवाज से डी.जे. साउण्ड में गाने बजाये जा रहे हैं




जिसकी तेज आवाज से आसपास के रहने वाले निवासियों को परेशानी हो रही है सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल टीम गठित कर मौके पर पहुंचकर सूचना की तस्दीक की गई जो सूचना सही पायी गई। मौके पर डी.जे. के संचालक द्वारा काफी तेज साउण्ड में गानें बजाये जा रहे थे जो डी.जे. संचालक जोगेश तेकाम पिता सोहनलाल तेकाम उम्र 26 साल निवासी महाराज बाग भैरोगंज सिवनी से डी.जे. बजाने की अनुमति के संबंध में पूछने पर कोई अनुमति नहीं होना बताया एवं कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं किया। जो डी.जे. संचालक जोगेश तेकाम का कृत्य अपराध धारा 7/15 म.प्र. कोलाहल अधिनियम का पाया जाने से अपराध पंजीबध्द किया गया है। नाम आरोपीः- जोगेश तेकाम पिता सोहनलाल तेकाम उम्र 26 साल निवासी महाराज बाग भैरोगंज सिवनी।

# वर्षा पूर्व वेक्टर जनित रोग नियंत्रण के लिए समन्वय बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आगामी वर्षा ऋतु में मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से विगत दिवस नगर पालिका कार्यालय सिवनी में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी एवं फैमिली हेल्थ इंडिया से रामकृष्ण जाट उपस्थित रहे। बैठक में नगरपालिका द्वारा आगामी माह में सभी वार्डों में नियोजित फॉगिंग, एंटी-लार्वा स्प्रे, नालियों की सफाई और जनजागरूकता कार्यक्रमों की विस्तृत कार्य योजना प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही यह तय किया गया कि सभी खाली प्लॉट्स में जलभराव न हो, इसके लिए प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नागरिकों को सतर्क किया



जाएगा। स्वास्थ्य विभाग और नगर पालिका संयुक्त रूप से वार्डवार निगरानी दल गठित कर निगरानी एवं सफाई कार्य सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक वार्ड में दीवार लेखन, पंपलेट वितरण, एवं स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डीएमओ कार्यालय और एफएचआई ने सामुदायिक सहभागिता को इस अभियान की सफलता की कुंजी बताया और सभी विभागों से सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

# विधायक ने मृतकों के परिवारजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया



**केवलारी-** समीपी गांव परासपानी निवासी अमन पिता चंद्र कुमार बघेल (22) रुपेश उर्फ रूपक बघेल पिता स्वर्गीय सुरेश बघेल (28)बर्ष दोनों युवको की विगत दिवस हत्या हो गयी थी।ठाकुर रजनीश सिंह विधायक ने अपने साथियों सहित ग्राम परासपानी पहूंचकर मृतक नवयुवको के परिवार जनो से भेटकर शोक संवेदना व्यक्त किया ओर दुख की घड़ी मे परिवार जनो के साथ खड़े रहने की बात कही ।परिवार जनो से भेटकर बताया कि 16 मई को विधानसभा के घेराव होने के कारण में यहां नहीं पहुँच पाया था ,मुझे रामप्रकाश बघेल ने पुरी जानकारी दी थी घटना की जानकारी लगने के बाद मुझे बहुत गहरा दुख हुआ है, ऐसी घटना केवलारी- के इतिहास मे कभी नहीं घटी है,ईश्वर न्याय करेगा।उनके साथ प्रमोद मोदी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, डा स्वरूप चंद्र बघेल बारिष्ठ कांग्रेस नेता, रमाशंकर महोबिया पत्रकार, रामप्रकाश बघेल मंडलम अध्यक्ष कांग्रेस परासपानी, संस्कार तिवारी प्रवक्ता, आनंद कौशल अध्यक्ष आई टी सेल उपस्थित थे।

# नो दिनों से चल रही श्री देवी पुराण कथा का यज्ञ हवन भंडारा के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

ग्राम चरगांव में ग्राम की महिलाओं के द्वारा श्री राजेंद्र सिंह पटेल की यजमानी मे श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन दिनांक 13 मई से 22 मई 2025 तक आयोजित हुयी। प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित राजेंद्र शास्त्री जी के मुखारविंद से आयोजित श्री दुर्गाम्बा की नौ दिवासीय देवी पुराण के विश्राम दिवस पर शास्त्री जी ने बताया कि संसार की रचना मनु और शतरूपा से हुई है मनु शतरूपा की तीन पुत्री थी आकुति देवहुति प्रसूति एवं दो पुत्र थे प्रियव्रत्र ओर उत्तानपाद, देवहूति का



विवाह कंदर्म ऋषि से हुआ जिनके एक पुत्र भगवान नरायण का अवतार कपिल ओर नो पुत्री हुयी ।कंदर्म देव ऋषि देवहुति से कपिल भगवान का जन्म हुआ जिंहोने ही अपनी माता को आत्मज्ञान की शिक्षा देकर मोहमाया के बंधन से मुक्ति दिलायी थी इसी ज्ञान को कपिल पुराण कहते हे, भगवान कपिल की नो बहिन थी कंदर्म ऋषि की इन नो पुत्री कला, अनुसुइया, श्रद्धा, हविर्भू,गति, क्रिया, ख्याति, अरुंधति, शांति इनका विवाह ब्रह्मा के अंश पुत्र मरीचि, ऋषि अत्रि, ऋषि अंगिरा, ऋषि पुलस्तस्य, पुलह ,क्रतु, भ्रगु, वशिष्ठ और अथर्व से हुआ। इसलिए आज पूरा संसार को मनु की संतान मानते है,नो ऋषियों से विभिन्न गोत्रों का जन्म हुआ । संपूर्ण संसार मे जम्मू दीप भारत जैसा सुंदर देश कोई नहीं है।श्री माता की पुजा उपासना करने से कष्टो से मुक्ति मिलती हे,जब भी समय साधन हो माता की श्रद्धा भाव से पुजन यज्ञ हवन पुजन करना चाहिए ।ग्राम की -श्री मति शीलो बाई उइके ने विधायक के वजन भर लड्डु का प्रसाद माता खेरमाई को अर्पित कर क्षेत्र की खुशयाली की कामना की। नो दिनों से चल रही देवी पुराण की कथा के विश्राम दिवस ठाकुर रजनीश सिंह विधायक, प्रमोद मोदी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, डाक्टर स्वरूप चंद्र बघेल परासपानी, रमाशंकर महोबिया पत्रकार, मूकेश राजपूत जनपद सदस्य, संस्कार तिवारी, आनंद कौशल, डा शिव राजपूत,कोमल पटेल, बोस कुमार राजपूत, जसवंत राजपूत ने कथा श्रवण कर व्यासपीठ की पुजन किया ।

# लीजधारी स्थायी पट्टे और नवीनीकरण के लिए अनेक चक्कर राजस्व निरीक्षक और नजूल विभाग के लगा रहे हैं

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शहर के अन्तर्गत नजूल भूमि में स्थायी पट्टा, लीज नवीनीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया है, 31 मार्च 2025 को नजूल भूमि की लीज की अवधि समाप्त हो चुकी है, सिवनी शहर की लगभग 70 प्रतिशत मकान, प्लाट नजूल के अन्तर्गत आते है। अधिकांश लीजधारी के पास पट्टे और लीज नवीनीकरण से संबंधित मूल दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। लीजधारी को यह दस्तावेज नजूल कार्यालय, राजस्व निरीक्षक से ही प्राप्त करना होगा। इतने अधिक भूमि के स्थायी पट्टे, लीज के नवीनीकरण के लिए नजूल विभाग में कार्य करने के लिए अनेक राजस्व निरीक्षक सहित अधिक संख्या में अमले की आवश्यकता होगी जो कि वर्तमान में नजूल विभाग के पास नहीं है, मात्र 2 राजस्व निरीक्षक जिसमें एक महिला भी है यह कार्य कर रहें है। स्थायी पट्टा और लीज नवीनीकरण के लिए जितने भी दस्तावेज लग रहें है स्थायी लीज, स्थायी पट्टा, खसरा, नामांतरण बटवारे का आदेश इत्यादि अधिकांश दस्तावेज राजस्व निरीक्षक से ही संबंधित है। लीजधारी स्थायी पट्टे और नवीनीकरण के लिए अनेक चक्कर राजस्व निरीक्षक और नजूल विभाग के लगा रहें है जबकि अभी 10 प्रतिशत आवेदन भी जमा नहीं हो पाये है। नजूल स्थायी पट्टा, लीज नवीनीकरण के कार्य यदि बिना परेशानी के शीघ्र करना हो तो जिला कलेक्टर और अनुविभागीय अधिकारी शहर को इस कार्य के लिए नजूल विभाग में राजस्व निरीक्षकों और संबंधित अमले की संख्या को बढ़ाना होगा।

## जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन संपन्न

# 372 आवेदकों का प्रारंभिक रूप से हुआ चयन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एवं शासकीय आई टी आई सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार 21 मई को शासकीय आई टी आई बरघाट में युवा संगम कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया।

आयोजित मेले में निजी क्षेत्र की 12 विभिन्न कम्पनियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में 501 आवेदकों नें अपना पंजीयन कराकर मेले में भाग लिया। रोजगार मेंले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा 372 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। उक्त मेलें मे प्रारंभिक रूप से डी के कैरियर प्लेसमेंट द्वारा



28, एनआईआईटी द्वारा 21, एल आई सी सिवनी द्वारा 29, अंबुजा फाउंडेशन द्वारा 31, ग्रोफास्ट ग्रुप द्वारा 14, गोल्डन फार्मर द्वारा 41, आणानी सोलर द्वारा 16, वर्धमान फ्रेबिक द्वारा 23, प्रतिभा सिंटेक्स द्वारा 67, टेंगों सिक्यूरिटी द्वारा 32 आमदनी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 25 एवं सीआई आई स्किल द्वारा 45 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। जिसमें अप्रेंटिसशिप हेतू आमदनी प्राईवेट लिमिटेड द्वारा 25 आवेदकों का चयन किया गया। सेन्ट आरएसीटी सिवनी द्वारा प्रशिक्षण हेतु 30 आवेदकों का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। जिला स्तरीय रोजगार मेले मे उपस्थित कंपनीयों द्वारा सुरक्षा गार्ड, ट्रेनीज, सहायक, काल सेंटर, फील्ड वर्कर, मशीन आपॅरेटर, पर्यवेक्षक, कम्प्यूटर आपॅरेटर, तकनीकि सहायक आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की गई एवं स्वरोजगार योजना अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा 01 हितग्राहियों को 09 लाख की राशि के स्वीकृति पत्र/चैक प्रदान किये गये। उक्त मेले में श्री व्ही. के. सदाफल जिला रोजगार अधिकारी, प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, प्रिंसिपल श्री ए के एन मेकेनस शासकीय आई टी आई बरघाट, श्री संजय रस्तोगी ग्रामीण आजीविका मिशन बरघाट एवं प्लेंसमेंट अधिकारी श्री डेहरिया शासकीय आई टी आई बरघाट जिला सिवनी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# उगली पुलिस ने किया नाबालिग को दस्तयाब, आरोपी गया जेल

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

थाना उगली में दिनांक 22.03.2025 को झण्डा चौक उगली निवासी रिपोर्टकर्ता ने रिपोर्ट लेख करायी कि उसकी 15 साल 08 माह की नाबालिग नातन को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर अपराध करने की नीयत से भगाकर लेगया हैं, कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपहरण का मामला अप०क० 74/25 धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान तलाश पतासाजी के अथक प्रयास कर अपहृत बालिका को गोदिया महाराष्ट्र से दस्तयाब किया गया एवं आरोपी अमितदास पिता अमोलदास उम्र 19 साल नि. जेवनारा थाना नैनपुर जिला मण्डला को धारा 137 (2). 64 (2) (एम), 65(1). 96 बीएनएस, 3, 4, 5एल, 6 पाक्सो एक्ट में गिर० कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है।

### खेलो की रीढ़ कहे जाने वाले जिम्नास्टिक खेल का प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले में खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा जिला मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न विकास खंडों में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिवरों का आयोजन किया गया है जिसमें विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में सिवनी जिले के नेहरू रोड स्थित श्री महावीर व्यायामशाला में सभी खेलो की रीढ़ कहे जाने वाले जिम्नास्टिक खेल का प्रशिक्षण भी इस शिविर में जिम्नास्टिक प्रशिक्षक एवं प्रभारी स्वदेश पटेल और मयंक सोनी द्वारा दिया जा रहा है।

# शासकीय विधि महाविद्यालय में लोकमाता अहिल्या जी की 300वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय विधि महाविद्यालय सिवनी में दिनाँक-17/05/2025 दिन शनिवार को लोकमाता अहिल्या जी की 300वीं जयंती से जुड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उच्च शिक्षा विभाग से जारी पत्र के अनुसार लोकमाता देवी अहिल्या जी की 300 वीं जयंती के अवसर पर निबंध लेखन, प्रश्न मंच प्रतियोगिता एवं लोकमाता देवी अहिल्या जी के विभिन्न पहलुओं, समाज के विभिन्न क्षेत्रों में किये गए योगदान एवं कार्यो को शामिल कर बायोग्राफी का प्रकाशन किया गया। कार्यक्रम का शुभांरभ दीप प्रज्वलन से हुआ मुख्य अतिथि माननीय प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्टेट विक्रम



डाबर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रवि नायक, जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला जिला लोक अभियोजक नेतराम चौरसिया, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉं. रविशंकर नाग एवं विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉं. राकेश कुमार चौरासे ने किया। श्रीमति अर्चना पाठक ने लोकमाता देवी अहिल्या जी की 300वीं जयंती पर व्याख्यान देते हुए बताया कि अहिल्या बाई होल्कर जी ने महिला सशक्तिकरण के लिए जीवन पर्यन्त प्रयत्न किया उन्होंने महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए विशेष योगदान दिया।

## पीएमएवाई (यू )1.0 में आवासों के निर्माण पर 23 हजार करोड़ रुपये किये गये खर्च

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2.0 में बनेंगे 10 लाख आवास

प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2.0 सबके लिये आवास मिशन शुरू किया जा चुका है। यह मिशन वर्ष 2029 तक 5 वर्ष की अवधि के लिये क्रियान्वित किया जायेगा। देश भर में एक करोड़ और मध्यप्रदेश में 10 लाख नवीन आवासों के निर्माण का कार्यक्रम तैयार किया गया है।



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सयोजना का उद्देश्य सभी पात्र शहरी गरीब एवं आवासहीन परिवारों को सुरक्षित स्थायी और किफायती आवास उपलब्ध कराना है। प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-1.0 (पीएमएवाई) में अब तक 8 लाख 50 हजार आवासों का कार्य पूरा किया जा चुका है। इस पर अब तक 22 हजार 975 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों को पीएमएवाई-यू-2.0 के लक्ष्य को समय-सीमा में हासिल करने के लिये निर्देश जारी किये गये हैं।

### आवास योजना में लाभार्थी को 4 घटकों में दी जायेगी मदद

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2.0 में पात्र लाभार्थी को 4 प्रमुख घटकों के माध्यम से लाभ दिया जायेगा। योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। इच्छुक हितग्राही आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा विकसित यूनिफाइड वेब पोर्टल (**https://pmay-urban.gov.in/**) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये हितग्राही अपने संबंधित नगरीय निकाय कार्यालय में भी सम्पर्क कर सकते हैं। केन्द्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र परिवार आवास के अभाव में न रहे।

### स्पेशल फोकस ग्रुप

पीएमएवाई-यू-2.0 विभिन्न वर्गों के लिये समानता सुनिश्चित करता है, जिसमें कल्याणी, अकेली महिलाएँ, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, ट्रांसजेंडर, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और अन्य कमजोर वंचित वर्गों की आवास आवश्यकता को ध्यान में रखा गया है। इस योजना में विशेष रूप से सफाईकर्मियों, पीएम स्वनिधि योजना के तहत चिन्हित स्ट्रीट वेण्डर्स, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत विभिन्न कारीगरों, आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों, झुग्गी-बस्तियों और चालों के निवासियों और अन्य पात्र समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी।

# 3 दशक पहले बने मकान को हटाने के विरोध में सैकड़ों ग्रामीण तहसील पहुंचे, कहा- मकान तोड़ा तो जान दे देंगे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के छोटी कुम्हारी के आवासटोला में सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद स्थानीय निवासियों में आक्रोश है। बुधवार को करीब 100 ग्रामीण बच्चों और बुजुर्गों के साथ तहसील कार्यालय पहुंचे।

ग्रामीणों ने बताया कि वे पिछले 20-30 वर्षों से यहां रह रहे हैं। पंचायत ने उन्हें सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं भी दी हैं। हाल ही में सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद पटवारी ने नापजोख की। जांच में पता चला कि यह जमीन चारागाह की है।

## ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

स्थानीय निवासी कृष्णा पाटिल ने कहा कि गांव में चरागाह के लिए पर्याप्त जमीन उपलब्ध है। मकान हटाने की खबर से सभी परिवार घबराए हुए हैं। ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा और मांग की है कि भूमि का नेचर परिवर्तन कर उन्हें पट्टा दिया जाए।

बुजुर्ग महिला सुनीता ने कहा कि बारिश का मौसम आ रहा है। जब वे



मकान बना रहे थे, तब किसी ने नहीं रोका। अब छोटे-छोटे बच्चों के साथ कहां जाएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि अगर उन्हें जबरदस्ती हटाया गया तो वे जान दे देंगे।

## तहसीलदार बोले- किसी को बेवजह बेदखल नहीं किया जा सकता

तहसीलदार भूपेंद्र अहिरवार बताते है कि किसी भी ग्रामीण को शासकीय भूमि से बेदखल नहीं किया जा रहा है। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत मिली थी कि चरागाह की भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा कर मकान बना लिए हैं। उसी की जांच करने के लिए पटवारी ने पंचनामा बनाया है। जिसकी जानकारी शासन को भेजी जा रही है। अचानक किसी को बेदखल नहीं किया जा सकता। न ही उन्हें तहसील कार्यालय से किसी प्रकार का नोटिस भेजा गया है। हमने ग्रामीणों से कहा है कि वह पंचायत से प्रस्ताव बनाकर लाए। अभी कोई बेदखली की कार्रवाई नहीं हो रही है।

# रहवासी क्षेत्र में जलभराव और पेयजल की समस्या, परेशान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट के वार्ड-13 में बुधवार को सागौन वन में जलभराव और पेयजल की समस्या को लेकर रहवासी नगरपालिका पहुंचे। जहां पर उन्होंने सांसद भारती पारधी से अपनी समस्याएं बताईं। इस पर सांसद ने नगरपालिका को समस्या के समाधान के लिए निर्देश देने का आश्वासन दिया।

दरअसल, सागौन वन में बारिश और अन्य पानी की निकासी के लिए बने नाले को बंद कर दिया गया है। रहवासी नाला खोलने की मांग कर रहे हैं। पानी निकासी के लिए बनाई जा रही नाली भी अधूरी छोड़ दी गई है। इससे पानी रहवासी क्षेत्र में जमा हो रहा है और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। पेयजल भी एक गंभीर समस्या है।

जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि पानी का फ्लो कम होने के कारण सप्लाई में दिक्कत आ रही है। वे जल्द ही इसे ठीक करने का दावा कर रहे हैं। स्थानीय निवासी रजनी पटेल ने बताया कि नाला बंद होने और नाली के अधूरे निर्माण के कारण मंगलवार की बारिश से घरों के आसपास पानी भर गया।

अनिता पारधी ने कहा कि नई पाइपलाइन का कनेक्शन लेने के बावजूद पानी नहीं आ रहा है। वार्ड के लोगों का कहना है कि न तो पार्षद और न ही नगरपालिका उनकी समस्याओं पर ध्यान दे रही है।

## बिजली विभाग ने लांच किया विद्युत मित्र एप

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर द्वारा ₹विद्युत मित्र एप₹ लांच किया गया है। जिसे कि गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। अधीक्षण अभियंता श्री दीपक कुमार उइके ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि इस ₹विद्युत मित्र एप₹ के अनेक फायदे हैं। ₹विद्युत मित्र एप₹ के माध्यम से हो रही, विद्युत चोरी की सूचना देकर 50 हजार रुपये तक ईनाम प्राप्त किया जा सकता है। जो कि उनके खाते में सीधे प्राप्त होगा जिसमें विद्युत की चोरी की सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जायेगा। श्री उइके ने बताया है कि विद्युत चोरी की शिकायतें कॉल सेन्टर 1912 पर करने पर विद्युत एप की सहायता से शिकायत की स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही उपभोक्ता विद्युत मित्र एप₹ की सहायता से गुगल मैप पर अपने पास स्थित संपूर्ण विद्युत कनेक्शनों की जानकारी एवं उसका संपूर्ण विवरण भी देख सकते हैं। इस एप के माध्यम से विद्युत उपयोगकर्ता का कनेक्शन है अथवा नहीं है, यह भी देखा जा सकता है। कनेक्शन नहीं पाये जाने पर उसकी सूचना विद्युत मित्र एप की सहायता से दी जा सकती है।

## नारी सशक्तिकरण, सुशासन और आत्मनिर्भरता का उदाहरण है लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर

# त्रिशताब्दी जन्म समारोह के तहत नपा कार्यालय में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के आदर्श और महिला सशक्तिकरण, सुशासन और आत्मनिर्भरता के साथ ही नारी सशक्तीकरण की ठोस मिसाल है। मध्यप्रदेश सरकार देवी अहिल्या के विचारों से प्रेरणा लेकर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन करने जा रही है। 31 मई को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भोपाल में आयोजित इस सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। बालाघाट जिले से भी बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं नागरिकों का जत्था इस आयोजन में शामिल होगा। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की जन्म जयंती त्रिशताब्दी समारोह के तहत बालाघाट नगरपालिका परिषद कार्यालय सभागार में 21 मई को कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें अहिल्याबाई होलकर के विचारों तथा उनके आदर्शो को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।

सांसद भारती पारधी ने संबोधन में कहा कि देशभर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर 21 से 31 मई तक देवी अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी जन्म जयंती को लेकर पखवाड़ा चलाया जा रहा है। देवी होलकर समाज उत्थान, न्याय और



धर्मप्रिय रही थी उन्होंने मंदिरों के निर्माण के लिये धनकोष खोल दिया था, काशी-सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। जनता की खुशहाली और न्याय उनकी प्रशासन की विशेषता थी, महिलाओं की सेना स्थापित की तथा आर्थिक समृद्धि के लिये उन्होंने कई प्रयोग किये जो सफल रहे है। सांसद श्रीमती पारधी ने आगे बताया कि लोकमाता ने महिला शिक्षा को बढ़ावा दिया है जिनके पदचिन्होंने पर भाजपा सरकार चलने का काम कर रही है आज पेट्रोल पंप, टोल नाके पर महिलाओं का काम करना नारी उत्थान का उदाहरण है। हर वर्ग में महिलाएं निरंतर आगे बढ़ रही है, विकसित भारत की दिशा में महिलाओं का योगदान अमूल्य है। हमारी सरकार ने महिला किसानों को ड्रोन दीदी बनाया, कई उन्नत प्रशिक्षण दिये जा रहे है ताकि नारी का जीवन में सशक्त हो सके।

आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तावना भाषण देते हुए नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने कहा कि भारतवर्ष देवी अहिल्याबाई के प्रति कृतज्ञ है उनके 300 वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में सरकार द्वारा विभिन्न आयोजन किये जा रहे है जिससे कि जन-जन तक उनके विचारों को पहुंचाया जा सके और सुशासन तथा नारी सशक्तीकरण को लेकर योजनाओं का विस्तार हो जिससे कि हर वर्ग को लाभान्वित किया जाये। उन्होंने बताया कि लोकमाता अहिल्याबाई सख्त प्रशासन के लिये जानी जाती थी उनका जन्म 31 मई 1725 को औरंगाबाद जिले के गांव में हुआ था, महिलाओं के उत्थान और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिये देवी होलेकर के प्रयास सार्थक रहे है जिसमें उन्होंने महिलाओं की अलग सेना बनाई थी, वस्त्रोद्योग से नारी शक्ति की आर्थिक विषमताओं को दूर किया है। उनके आदर्श और प्रेरणा आज भी प्रासंगिक है जिससे कि प्रदेश सरकार उनके आदर्शो पर चलकर योजनाओं को महत्वाकांक्षी, सरल और सर्वहारा वर्ग के लिये लाभदायक बनाने में जुटी हुई है।

उद्बोधन देते हुए पीजी कालेज जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मौसम ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर ने सुधारवादी समाज स्थापित किया था उनका पराक्रम और युद्ध कौशल उन्हें शूरवीर बनाता है और निर्णयक्षमता अद्वितीय थी। श्रीमती मौसम ने देवी होलकर के जीवनकाल की पहलूओं को लेकर बताया कि एक राजा ने आक्रमण करने के लिये कूच किया था तो लोकमाता ने उसे निमंत्रण दिया था कि मेरी महिला सेना के साथ युद्ध करना पड़ेगा अगर राजा जीता तो महिलाओं को परास्त कर विजयी कहलायेगा ऐसा कहा था जिसपर राजा का हृदय परिवर्तन हुआ और युद्ध का विचार छोड़कर राजा ने देवी होलकर का भाई बनना स्वीकार किया।

# पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैहर में समर कैंप का समापन



**बालाघाट।** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैहर में समर कैम्प का बुधवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर परिषद बैहर की पूर्व पार्षद सुश्री कीर्ति शुक्ला जी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में मां सरस्वती की पूजा अर्चन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समर कैंप का आयोजन 1 से 21 मई तक किया गया था, जिसमें छात्राओं को विभिन्न कौशलों में निपुण कराने के लिए शैक्षणिक और पाठ्य सहगामी गतिविधियों का आयोजन किया गया था। समर कैंप की थीम रही ₹भावनाओं की समझ आत्मविश्वास की राह, ₹कला कौशल और कारोबार, फिट फॉर लाइफ और आज के सपने कल की उड़ान।

शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ चित्रकला, नृत्य कला, कविता और कहानी लेखन, क्ले आर्ट, कंप्यूटर शिक्षण, योग और ध्यान, और विभिन्न प्रकार के खेलकूद का प्रशिक्षण दिया गया। समापन कार्यक्रम में नृत्य, गीत और नाटक की रंगारंग प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर छात्राओं को उनके उत्साह और प्रतिभा के लिए अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# 5 सहकारी समितियों के निर्वाचन के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**बालाघाट।** मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री एमबी ओझा ने जिले की 5 सहकारी समितियों के निर्वाचन के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किये है। उन्होंने प्राथमिक शिवशक्ति मछुआ सहकारी समिति मर्या. लालपुर के लिए उप अंकेक्षक श्री हर्षित भलावी, तिलपेवाड़ा के लिए उप अकेंक्षक दिनेश सलामें,नगरवाड़ा के लिए वनपाल रोशनलाल पड़वार,सावरझोड़ी के लिए उप वनक्षेत्रपाल नरेंद्र कुमार बंसोड़, लामता के लिए वनपाल विजय कुमार क्रो रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री ओझा द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार प्रारंभिक 5 समितियों में सदस्यता सूची प्रकाशित करने की तारीख 28 मई, प्रकाशित सदस्यता सूची पर आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तारीख 4 जून, सदस्यता सूची पर प्राप्त आपत्तियों के निराकरण की तारीख की 5 जून, अंतिम सदस्यता सूची के प्रकाशन की तारीख 5 जून, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने की तारीख 9 से 11 जून, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध अपील प्राप्त होने की स्थिति में अपील के निराकरण की अंतिम तारीख 18 जून, राज्य सहकारी निर्वाचन अधिकारी को अंतिम सूची प्राप्त करने की तारीख 23 जून को सम्पन्न किया जाएगा।

## एनसीसी प्रशिक्षण शिविर की कैडेटस के व्यक्तित्व विकास में है महत्वपूर्ण भूमिका

**बालाघाट।** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय जबलपुर के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एजी बरबरे के मार्गदर्शन में तथा कैम्प कमाण्डेन्ट ले. कर्नल विनीत कमल गुप्ता मप्र बटालियन एनसीसी बालाघाट के तत्वाधान में दस दिवसीय 96 वां संयुक्त वार्षिक एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। शिविर में कैम्प कमाण्डेन्ट ले. कर्नल गुप्ता ने कहा कि समस्त कैडेट्स एकता और अनुशासन के सिद्धांत का पालन करते हुए प्रशिक्षण लेंगे। कैम्प के उद्देश्य के बारे में अवगत कराते हुए उन्होंने कहा कि कैडेटस को जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित कर भविष्य निर्माण के लिये अथक परिश्रम करना चाहिये। एनसीसी प्रशिक्षण शिविर कैडेटस के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है तथा राष्ट्रीय सुरक्षा हेतु होनहार नागरिक निर्माण करता है। उन्होंने शिविर के उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतु अनुशासन के साथ कर्तव्य निष्ठा, चरित्र एवं मानवीयता के साथ कार्य करने की प्रवृति पर जोर दिया। तथा सायंकाल में गेस्ट लेक्चर के तहत विख्यात पर्यावरणविद अभय कोचर द्वारा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट पर शानदार व्याख्यान प्रस्तुत किया।

# स्व. दिलीप भटेरे शासकीय कला व विज्ञान महाविद्यालय किरनापुर में प्राचार्य व अतिथि विद्वानों के बीच हाई वोल्टेज ड्रामा पहुंचा पुलिस थाने

हरिभूमि न्यूज लांजी/किरनापुर।

मामला स्व. दिलीप भटेरे शासकीय कला व विज्ञान महाविद्यालय किरनापुर का है जहां 17 मई की दोपहर 03 बजे से 04 के दरमियान हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला जिसका वीडियो कुछ अतिथि विद्वानों ने अपने मोबाइल से बनाया और अपने जिला एंव प्रदेश स्तरीय कमेटी के ग्रुपो में शेयर कर दिया जो बाद में तेजी से वायरल होने लगा जिसमे स्व. दिलीप भटेरे शासकीय कला व विज्ञान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुनीता जैन अपने पद की गरिमा को तार तार करते हुए चीखते चिल्लाते एंव महिला अतिथि विद्वानों को खींचते हुए अपने कैबिन में लाने का प्रयास करते हुए दिखाई दे रही है साथ ही वह एक कमरे में जोर जोर से चीखते चिल्लाते फर्श पर नीचे पढ़ी हुई भी दिखाई दे रही है जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि स्व. दिलीप भटेरे शासकीय कला व विज्ञान महाविद्यालय किरनापुर में किसी फिल्म की शूटिंग चल रही हो।जब हमने इस वायरल वीडियो की सच्चाई जानने का प्रयास किया तो शाम 04 बजे किरनापुर थाने में करीब 12-13 महिला, पुरुष अतिथि विद्वान दिखाई दिए जो प्राचार्य की शिकायत करने पुलिस थाना पहुंचे थे।उक्त घटनाक्रम के बारे में अतिथि विद्धानों ने बताया कि 17 मई की दोपहर करीब 02 बजकर 55 मिनट पर हम सभी अतिथि विद्वान महाविद्यालय परिसर के बाहर गांधी जी प्रतिमा से लगे छायादार पेड़ के नीचे अतिथि विद्वानों के प्रदेश स्तरीय संघठन के निर्देश एंव जिला स्तरीय संघठन के मार्गदर्शन में अपने हक अधिकारों के लिए सरकार के सामने अपनी मांगे रखने को लेकर बैठक ले रहे थे इसमे हमारे महाविद्यालय की गतिविधियों से कोई सम्बन्ध नही था ना ही महाविद्यालय के क्रियाकलापों पर चर्चा हो रही थी।लेकिन दोपहर 03 बजे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुनीता जैन जो कि महाविद्यालय से अपने घर के लिए निकल चुकी थी वह आई और जोर जोर से चीखते चिल्लाते हमे डांटने, फटकारने लगी जबकि अतिथि विद्वानों में शामिल डॉ. प्रतिमा चौधरी एंव प्रमोद चौरे को जाती सूचक गालियां देते हुए कहा कि आजकल चम्हार एंव महार भी मुझे ज्ञान देने लगे हैं ।तुम सभी लोग अंदर आओ हमने भी प्राचार्य कि बातों को स्वीकार किया और महाविद्यालय के बरामदे में पहुंचे ही थे कि प्राचार्य सुनीता जैन ने अपना आपा खो दिया और जोर जोर से चीखने चिल्लाने लगी जिससे हम सभी अतिथि विद्वान डर गए और प्राचार्य को समझाने लगे कि आप शांत हो जाइए लेकिन वह मानने को तैयार नही थी इसी समझाने के दौरान प्राचार्य ने 01 महिला महिला अतिथि विद्वान को धकेल दिया जिससे उसके पैर में चोट लगी है जबकि 02 अन्य अतिथि महिला विद्वानों को खरोंच दिया है जिससे उन्हें काफी घबराहट होने लगी और स्वयं प्राचार्य एक कमरे में चित पड़ी होकर चिल्लाने लगी तभी हम सभी अतिथि विद्वान पुलिस थाना आ गए और किरनापुर थाने में प्राचार्य द्वारा कि गई हरकतों की शिकायत की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार महाविद्यालय की प्राचार्य को भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर लाया गया जहाँ उनका भी ईलाज हुआ जबकि घायल 03 अन्य अतिथि विद्वानों का ईलाज एंव एक्सरे भी हुआ है जिसमे 01के पैर में चोट लगी जबकि 02 को नाखून के खरोंचने निशान उभर कर आ गए हैं।उक्त हाई वोल्टेज ड्रामे मेंशासकीय कला व विज्ञान महाविद्यालय किरनापुर के अतिथि विद्वानों ने कलेक्टर बालाघाट, पुलिस अधीक्षक बालाघाट, PG महाविद्यालय बालाघाट सहित अजाक्स में शिकायत की है शिकायत करने दौरान महाविद्यालय के करीब 13 अतिथि विद्वान जिनमेडॉ प्रतिमा चौधरी,डॉ. अंजुम आरा खान,डॉ. सुप्रिया बिसेनप्रमोद चौरे,भास्कर कुलस्ते,डॉ. अवनीश सिंह,डॉ. रामजी सिंह,डॉ. दीपीका भुवाल,नरेश दमाहे, किशोर सोनवारे, बुध्दवर्धन फुलमारे, लेखराम, डहेरिया, बिजेन्द्र बरमैया शामिल रहे।अतिथि विद्धानों ने बताया कि उन्होंने 24 अप्रैल 2025 को महाविद्यालय किरनापुर के अतिथी विद्वानों ने अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा जबलपुर जिनमे डॉ सन्तोष जाटव, डॉ रंजना मिश्रा एंव सेवकराम चौकसे शामिल थे को अपनी मानसिक प्रताड़ना की घटना का पूरा वृतान्त बताया था साथ ही महिला अतिथि के साथ पुरुष अतिथि विद्वानों ने रोते-बिलखते हुए संरक्षण की माँग की थी लेकिन अतिथि विद्वानों की अतिरिक्त सञ्चालक उच्च शिक्षा जबलपुर की टीम में आए अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। फिलहाल किरनापुर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया है।



# 75 साल की बुजुर्ग महिला के घर पर दबंगों ने किया कब्जा

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** मुख्यालय से 17कि.मी.ग्राम पंचायत बक्कर मे 75वर्षीय महिला के घर पर दबंग उरकुडिया ठाकरे ने अपने परिवार सहित80 वारसी विधवा महिला शकुंतला हमारा गंगाबाई सोनवानी के घर पर कब्जा कर लिया है महिला अपने बेटी से मिलने गांव गई हुई थी और उनके सूने मकान पर दबंग गुड़िया अपने परिवार सहित कब्जा कर लिया है बीते 7 महीने से महिला पुलिस और प्रशासन से गुहार लगा रही है लेकिन उन्हें अभी तक राहत नहीं मिल सकी है मंगलवार को जनसुनवाई में डीएम साहब ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि इसकी जांच जल्द होगी और आपको इसका कब्जा दिलाया जाएगा और गुड़िया ठाकरे पत्नी रीमा ठाकरे मनीष ठाकरे बिनु ठाकरे वहां तुम क्यों आते हो तुम्हारा इस घर में कोई अधिकार नहीं है दोबारा इस मकान में होंगे तो जान से मारने की धमकी दी है इसकी जांच पुलिस थाना किडनेपोर के एएसआई मिश्रा द्वारा की जा रही है बुजुर्ग महिला की सुपुत्री शकुंतला आमाडारे व गंगाबाई सोनवाने के साथ बुजुर्ग मां को लेकर घर पहुंची तो घर का सड्डन निकला हुआ था और बाजू वाले उरकुडिया ठाकरे ने कब्जा कर लिया है। जिसकी शिकायत पुलिस थाना किरनापुर में की। जो ग्राम बक्कर की निवासी हैं, का कहना है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो दबंग उरकुडिया ठाकरे और उनके परिवार के सदस्य गालियां देते हुए मारपीट करने पर आमादा हो गए।



इस शिकायत के बाद थानप्रभारी अशोक कुमार ननामा ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर पुलिस टीम भेजी। उन्होंने बताया कि मामला गंभीर है और पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए क्षेत्रवार कॉल सेंटर हुए स्थापित

**बालाघाट।** आगामी समय मे आने वाले मानसून तथा जिले के उपभोक्ताओं को मानसून के दौरान बिजली आपूर्ति से होने वाली समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बालाघाट द्वारा जिले में क्षेत्रवार कॉल सेंटर स्थापित किये गए है। अधीक्षण अभियंता श्री दीपक कुमार उइके ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिले के उपभोक्ताओं द्वारा अपने क्षेत्र की विद्युत प्रदाय शिकायतों की जानकारी कॉल सेंटर के माध्यम से संबंधित क्षेत्र के अधिकारी को दी जा सकती है।

# काम्बिग गश्त के दौरान नैनपुर पुलिस द्वारा 4 वारंटियों को गिरफ्तार कर किया गया माननीय न्यायालय में पेश

हरिभूमि न्यूज मण्डला

पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा द्वारा स्थायी वारंटी, आरोपियों की धरपकड़ के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला शिवकुमार वर्मा व एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बलदेव सिंह मुजाल्दा की टीम द्वारा काम्बिग गश्त के दौरान अलग-अलग जगहों से 04 वारंटियों को धर दबोचा गया जिनमें न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय नैनपुर के प्रक. क्र. **RCT**-103/23 अप. क्र. 250/23 धारा 294, 323, 506 भादवि में वारंटी मोहित वंशकार पिता संजय वंशकार निवासी वार्ड नं. 1 नैनपुर, 2- प्रक. क्र. **RCT**-134/22 अप. क्र. 249/22 धारा279, 337, 338 भादवि में वारंटी सोभाराम भवेदी पिता मुन्नालाल भवेदी निवासी भालीवाड़ा चौकी पाण्डीवारा थाना बम्हनी, 3-प्रक. क्र. 232/23 अप. क्र. 334/23 धारा 34ए आब. एक्ट के आरोपी वारंटी जागेश्वर ठाकुर पिता जगदीश ठाकुर निवासी वार्ड नं. 11 नैनपुर, 4- प्रक. क्र. 187/22 अप. क्र. 357/21 धारा आरोपी वारंटी नीरज भारतीया पिता प्रहलाद भारतीया निवासी वार्ड नं. 12 नैनपुर है। वारंटियों को गिरफ्तार कर आज दिनांक को माननीय न्यायालय पेश किया गया।

